**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 10-05-2005**

**Participants : Chavda Shri Harisinh**

Title: Need to solve acute drinking water problem in Banaskantha and Patan districts of North Gujarat.

**श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय,** उत्तर गुजरात के बनासकांठा और पाटन जिला क्षेत्रों में पानी की विकट समस्या है। यहां के लोगों को पेयजल एवं मवेशियों के लिए पानी नहीं मिल पाता है। लोगों को पानी को लाने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। उत्तर गुजरात के कई हिस्सों में भूमि से नमकीन पानी ही निकलता है और सरकार ने पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति करती है, जिसमें कई दिनों तक पानी नहीं आता है और पाइप लाइन भी बहुत पुरानी हो चुकी है, जिसके कारण यह जगह जगह से टूट जाती है। टूटने पर पानी आगे तक नहीं पहुंच पाता है। इन सब कारणों से यहां के लोग मवेशियों के साथ दूसरे क्षेत्रों में पलायन कर जाते हैं, जिससे उनके बच्चों की शिक्षा दिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर गुजरात के बनासकांठा और पाटन के जिला क्षेत्रों में पानी को उपलब्ध कराने हेतु जो कार्य किये जा रहे हैं उनकी समीक्षा कर हर गांव में पानी पहुंचाने का कार्य करे।